ಪಿಎಂಶ್ರೀ ಕೇಂದ್ರೀಯ ವಿದ್ಯಾಲಯ, ಧಾರವಾಡ
पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, धारवाड़
PMSHRI KENDRIYA VIDYALAYA, DHARWAD
Someshwar Temple Road, DHARWAD-580002
(Karnataka)
CBSE School Code: 49027 *Affiliation No.: 800019*
दूरभाष/ Tele. No 0836 2440110
ईमेल/ e-mail : kvdharwar@gmail.com

F. No.13049/KVD/2026-27

Date: 21.11.2026

प्रत्यक्ष साक्षात्कार

संविदा आधारित कर्मचारियों की नियुक्ति (सत्र-2026-27)

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, धारवाड़ में निम्नलिखित पदों हेतु शिक्षकों/कर्मचारियों का पैनल तैयार करने के लिए पूर्णतः अंशकालिक/संविदात्मक आधार पर प्रत्यक्ष साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यताओं एवं अन्य आवश्यक विवरणों की जानकारी केन्द्रीय विद्यालय संगठन की वेबसाइट (www.kvsangathan.nic.in) से प्राप्त कर सकते हैं तथा आवेदन पत्र विद्यालय की वेबसाइट (https://dharwad.kvs.ac.in/) से डाउनलोड कर सकते हैं। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र तथा सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियाँ जमा करना अनिवार्य होगा। साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता (TA/DA) देय नहीं होगा।

क्र.सं .	पद	साक्षात्कार की तिथि	पंजीकरण का समय
1	स्नातकोत्तर शिक्षक (PGT) – अंग्रेज़ी	25.11.2026	प्रातः 9:00 बजे से 10:00 बजे तक
2	प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (TGT) – गणित		
3	प्राथमिक शिक्षक (PRT)		
4	कंप्यूटर अनुदेशक (प्राथमिक)		
5	स्टाफ नर्स		

सभी अभ्यर्थियों के लिए आधिकारिक वेबसाइट https://samvida-sathi.kvs.gov.in/ पर अपना पंजीकरण करना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर लॉगिन करके उस विद्यालय का चयन करना होगा जहाँ रिक्त पद उपलब्ध है। पंजीकरण हेतु संविदा साथी पोर्टल पर उपलब्ध अभ्यर्थी मार्गदर्शिका का संदर्भ लें। साक्षात्कार पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, धारवाड़ में आयोजित किया जाएगा।

प्राचार्य